# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## HALF YEARLY EXAMINATION

## (SAMPLE PAPER)

**SESSION 2026 – 27**

**SUBJECT : HINDI**

**TIME : 03 HRS** **GRADE – X** **M.M:80**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

- **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**

### खंड 'क'

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(7)**

साहित्य का आधार जीवन है। इसी नींव पर साहित्य की दीवार खड़ी होती है, उसकी अटारियाँ, मीनार और गुंबद बनते हैं, लेकिन बुनियाद मिट्टी के नीचे दबी पड़ी है। उसे देखने का भी जी नहीं चाहेगा। जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए अनंत है, अबोध्य है, आगम्य है। साहित्य मनुष्य की सृष्टि है, इसलिए सुबोध है, सुगम है और मर्यादाओं से परिचित है। जीवन परमात्मा को अपने कामों का जवाबदेह है या नहीं, हमें मालूम नहीं लेकिन साहित्य तो मनुष्य के सामने जवाबदेह है। इसके लिए कानून है, जिनसे वह इधर-उधर नहीं हो सकता। जीवन का उद्देश्य ही आनंद है। मनुष्य जीवनपर्यंत आनंद की ही खोज में लगा रहता है। किसी को वह रत्न द्रव्य में मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में, किसी को लंबे-चौड़े भवन में, किसी को एश्वर्य में। लेकिन साहित्य का आनंद इस आनंद से ऊँचा है, इससे पवित्र है, उसका आधार सुंदर और सत्य से मिलता है। उसी आनंद को दर्शाना, वही आनंद उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है। ऐश्वर्य या भोग के आनंद में ग्लानि छिपी होती है। उससे अरुचि भी हो सकती है, पश्चाताप भी हो सकता है पर सुंदर से जो आनंद प्राप्त होता है, व अखंड है, वह अमर है।

(i) साहित्य मनुष्य के सामने जवाब देह है, कैसे ?
(ii) जीवन परमात्मा की सृष्टि किस तरह से है ?
(iii) मनुष्य जीवन की खोज में क्यों लगा रहता है ?
(iv) मनुष्य में ग्लानि कब पैदा होती है ?
(v) साहित्य की दीवार किस नींव पर खड़ी होती है ?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(7)**

हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है। एक शक्तिबोध और दूसरा सादयबाध। शक्तिबोध का अर्थ है - देश की शक्ति या सामर्थ्य का ज्ञान। दूसरे देशों की तुलना में अपने देश को हीन नहीं मानना चाहिए। इससे देश के शक्तिबोध को आघात पहुँचता है। सौंदर्यबोध का अर्थ है किसी भी रूप में कुरुचि की भावना को पनपने न देना। इधर-उधर कूड़ा फेंकने, गंदे शब्दों का प्रयोग, इधर की उधर लगाने, समय देकर न मिलना आदि से देश के सौंदर्यबोध को आघात पहुँचता है। देश के शक्तिबोध को जगाने के लिए हमें चाहिए कि हम सदा दूसरे देशों की अपेक्षा अपने देश को श्रेष्ठ समझें। ऐसा न करने से देश के शक्तिबोध को आघात पहुँचता है। यह उदाहरण इस तथ्य की पुष्टि करता है - शल्य महाबली कर्ण का सारथी था। जब भी कर्ण अपने पक्ष की विजय की घोषणा करता, हुँकार भरता, वह अर्जुन की अजेयता का एक हलका-सा उल्लेख कर देता।

बार-बार इस उल्लेख ने कर्ण के सघन आत्मविश्वास में संदेह की तरेड़ डाल दी, जो उसके भावी पराजय की नींव रखने में सफल हो गई।

(i) शक्ति बोध का क्या अर्थ है ?
(ii) दूसरे देश की अपेक्षा अपने देश को श्रेष्ठ क्यों समझना चाहिए ?
(iii) सारथी शल्य ने कर्ण की पराजय की नींव कैसे डाली ?
(iv) किस बात से देश के सौंदर्यबोध को आघात पहुंचता है ?
(v) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

**3. निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - [4]**

(i) यह एक सभा थी और इसे ओपन चैलेंज कहा जाना चाहिए था। वाक्य की दृष्टि से कौन-सा भेद है?
(ii) मिश्रित या मिश्र वाक्य का उदाहरण दीजिए।
(iii) जब सात बजे तब लौट आना - सरल वाक्य में बदलिए ।
(iv) जैसे ही शेर दिखाई दिया वैसे ही लोग डर गए। (संयुक्त वाक्य)
(v) मैं चाहता हूँ कि तुम्हारे साथ खेलूं। रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए ।

**4. निर्देशानुसार 'पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [4]**

(i) <u>वामीरो की माँ</u> क्रोध में उफन उठी। रेखांकित में कौन-सा पदबंध है?
(ii) <u>आसमान में उड़ते पंछी सभी को</u> अच्छे लगते हैं। रेखांकित वाक्य में कैसा पदबंध है?
(iii) साधुओं की संगति से बुद्धि <u>सुधरती है</u> वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।
(iv) रावण ने विभीषण का कहना माना होता तो भगवान राम के हाथों न मरता। क्रिया पदबंध ढूंढिए।
v) जो मेहनत करता है, उसे सफलता अवश्य मिलती है। वाक्य में सर्वनाम पदबंध कौन सा है?

**5. निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [4]**

(i) गाँव-गाँव समस्त पद में कौन-सा समास है?
(ii) <u>चरण कमल</u> बंदो हरिराई- रेखांकित शब्द का समास का भेद बताइए।
(iii) 'तुलसीकृत' में कौन-सा समास है?
(iv) गजानन में कौन-सा समास हैं?
(v) निशाचर में कौन-सा समास है?

**6. निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित छह प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [4]**

(i) चिकना घड़ा होना मुहावरे का क्या तात्पर्य है?
(ii) विभीषण ने राम को रावण के सभी रहस्य बताकर ............. कार्य किया। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(iii) ...................... वालों को एक दिन पछताना पड़ता है। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(iv) विद्यार्थी को केवल पुस्तक का कीड़ा नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वस्थ शरीर और उन्नत मस्तिष्क वाला होनहार युवक होना है। वाक्य में से मुहावरे को पहचान कर

उसका अर्थ लिखें।

(v) उन्नीस बीस होना - मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्यबनाएं।

(vi) नाकों चने चबाना मुहावरे से मिलता जुलता कोई दूसरा मुहावरा लिखें।

**खंड 'ख'**

**7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए(5×1=5)**

अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े
समक्ष ही स्वबाहु जो बढ़ा रहे बड़े-बड़े
परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी।
अभी अमर्त्य-अंक में अपंक हो चढ़ो सभी
रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

**(i) कवि ने 'देव' की उपस्थिति का उल्लेख क्यों किया है ?**

(क) वे मनुष्य का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। (ख) वे मनुष्य का कल्याण करते हैं
(ग) वे मनुष्य की सहायता करते हैं। (घ) उपर्युक्त सभी

**(ii) 'समक्ष ही स्वबाहु को बढ़ा रहे बड़े-बड़े ।' कवि पंक्ति के माध्यम से क्या प्रेरणा दे रहा है?**

(क) देवों का सहारा लेना चाहिए (ख) उन पर आश्रित रहना चाहिए
(ग) उनसे कुछ माँगना चाहिए (घ) उनकी कृपा पर विश्वास करना चाहिए

**(iii) 'परस्परावलंब' का अर्थ है-**

(क) एक-दूसरे की सहायता करना (ख) एक दूसरे से मिलना
(ग) एक-दूसरे को समझना (घ) एक दूसरे को सहारा देना

**(iv) पराभाव से किसकी ओर संकेत है-**

(क) समभाव (ख) मैत्रीभाव
(ग) सात्विकभाव (घ) प्रेमभाव

**(v) कविता और कविता का नाम बताएं।**

**8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दें - (5)**

उसे ज्ञात ही न हो सका कि कोई अजनबी युवक उसे निःशब्द ताके जा रहा है। एकाएक एक ऊँची लहर उठी और उसे भिगो गई। वह हड़बड़ाहट में गाना भूल गई। इसके पहले कि वह सामान्य हो पाती, उसने अपने कानों में गूंजती गंभीर आकर्षक आवाज़ सुनी। "तुमने एकाएक इतना मधुर गाना अधूरा क्यों छोड़ दिया?" तताँरा ने विनम्रतापूर्वक कहा। अपने सामने एक सुंदर युवक को देखकर वह विस्मित हुई। उसके भीतर किसी कोमल भावना का संचार हुआ। किंतु अपने को संयतकर उसने बेरुखी के साथ जवाब दिया। "पहले बताओ तुम कौन हो, इस तरह मुझे घूरने और इस असंगत प्रश्न का कारण? अपने गाँव के अलावा किसी और गाँव के युवक के प्रश्नों का उत्तर देने को मैं बाध्य नहीं। यह तुम भी जानते हो।" तताँरा मानो सुध-बूध खोए हुए था। जवाब देने के स्थान पर उसने पुनः अपना प्रश्न दोहराया। "तुमने गाना क्यों रोक दिया? गाओ, गीत पूरा करो। सचमुच तुमने बहुत सुरीला कंठ पाया है।" "यह तो मेरे प्रश्न का उत्तर न हुआ?" युवती ने कहा "सच बताओ तुम कौन हो? लपाती गाँव में तुम्हें कभी देखा नहीं।"

(i) वामीरो किस गाँव की थी?

क) निकोबार द्वीप ख) पासा ग) लिटिल अंदमान
घ) लपाती

(ii) ततॉँरा को देखकर वामीरों को कैसा महसूस हुआ?
क) आकर्षण ख) विस्मय ग) गलती
घ) मन में मधुर और कोमल भाव

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A):** वामीरो हड़बड़ाहट में अपना गाना भूल गई।

**कारण (R):** समुद्र की एक ऊँची लहर ने उसे पूरी तरह से भिगो दिया था।

क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R ) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
ग) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) वामीरो का गाना क्यों रुक गया?
क) समुद्र की लहर के कारण ख) आकर्षित होकर ग) लय बिगड़ने से
घ) ततॉँरा को देखकर

(v) वामीरो ने ततॉँरा को बेरुखी से क्यों जवाब दिया?
क) आकर्षण होने के कारण ख) घूरने के कारण
ग) दूसरे गाँव का होने के कारण घ) प्रश्न पूछने के कारण

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - (3×2=6)**

क. बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ?
ख. पुलिस कमिश्नर के नोटिस और काउंसिल के नोटिस में क्या अंतर था ?
ग . तांतारा वामीरो कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - (3×2=6)**

क. कस्तूरी कुंडली बसे, मृग ढूंढे बन मांहि का भाव स्पष्ट कीजिए।
ख. मीराबाई की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।
ग. मीरा आधी रात को श्री कृष्ण को कहाँ पर मिलना चाहती है ?

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - (2×3=6)**

क.हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे ? उन्होंने उनके साथ कैसा बर्ताव किया ?
ख. बचपन की यादें मन को गुदगुदाने वाली होती है विशेषकर स्कूली दिनों की । अपने अब तक के स्कूली जीवन की खट्टी मीठी यादों को लिखिए।

**खंड 'ग'**

**12. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें - (5)**

(**क) भारत में मद्यपान का बढ़ता प्रचलन :** संकेत बिंदु • मद्यपान एक सामाजिक बुराई • कारण • मद्यपान का प्रचलन • दुष्प्रभाव • समाधान

**(ख) भारतीय नारी के समक्ष चुनौतियाँ :** संकेत बिंदु- • भूमिका • वर्तमान परिवेश में नई चुनौतियाँ • पुरुष प्रधान समाज में नारी का स्थान • दोहरी भूमिका • विभिन्न क्षेत्रों में नारी

**(ग) ग्लोबल वार्मिंग :** संकेत बिंदु • भूमिका • ग्लोबल वार्मिंग का अर्थ • ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव • ग्लोबल वार्मिंग के कारण • उपसंहार

**13**. सरकारी हस्पताल की ओ०पी०डी० में निर्धन तथा बेसहारा मरीजों की उपेक्षा किए जाने की शिकायत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखिए। **(5)**

**14.** आशीर्वाद सोसायटी पश्चिमी विहार, दिल्ली ने अपनी कॉलोनी में होली सम्मेलन समारोह आयोजित किया है जिसमें पास द्वारा ही प्रवेश दिया जाएगा । आप आर•डब्ल्यू•ए• के सदस्य की तरफ से एक सूचना आलेख तैयार कीजिए। **(4)**

**15.** डेंगू से बचने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **(3)**

**16. निम्नलिखित विषय पर लगभग 120 शब्दों में लघुकथा लिखिए - (5)**

एक लकड़ी का सामान बनाने वाले व्यक्ति ने अपना हुनर अपने पुत्र को सिखाया। अब वह भी लकड़ी के टेबल-कुर्सियाँ बनाने लगा । पर उसके बनाए गए सामान उसके पिता से कम कीमत पर बिकते थे। इस विषय में उसने अपने पिता से बात की और अपनी कमियों को समझा। फिर भी उसके बनाए सामान पिता के द्वारा बनाए सामान के बराबर न हो सके। पिता ने फिर पुत्र को समझाने का प्रयास किया पर अब....

**अथवा**

किसी ऐसे मित्र को **ईमेल** लिखें जिसे आपने लंबे समय से नहीं देखा है या उससे बात नहीं की है। उसे बताएं कि आप क्या कर रहे हैं और उनसे पूछें कि वे कैसे हैं और वे हाल ही में क्या कर रहे हैं।